# निबन्ध लेखन प्रतियोगिता

## विषय — यातायात जागरूकता

**नाम —**
**कक्षा —**
**अनुक्रमांक —** 28

**रूपरेखा :—** सड़क सुरक्षा, सड़क सुरक्षा नियमों का पालन, सड़क सुरक्षा नियमों का महत्व उपसंहार।

**सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूकता :—** प्रत्येक राष्ट्र सरकार के द्वारा सुरक्षा नियमों के पालन करने के लिए लोगों को जागरूक कराया जाता है सरकार द्वारा बनाये गये नियमों का पालन न करने से दुर्घटना होने की सम्भावना अधिक होती है।

लोगों द्वारा यह कहावत बहुत प्रचलित है — 'दुर्घटना से देर भली'।

आजकल यातायात के नियमों का मजाक उड़ाया जा रहा है जागरूक लोग भी यातायात नियमों को जानते हुए भी उसके पालन करने से कतराते है परन्तु यह सही है उसका प्रभाव छोटे बच्चों पर भी पड़ता है उन्हे देखकर छोटे बच्चे भी सड़क सुरक्षा के नियमों को नही जान पाते जो आने वाले समय में हमारे देश के भविष्य

Scanned By Scanner Go

होते है।

## सड़क सुरक्षा नियमों का पालन :—

प्रत्येक देश के नागरिक को उनकी सरकार द्वारा बनाये गये यातायात नियमों का पालन आवश्य करना चाहिए।

जागरूक लोगों के द्वारा यह नारा लगाया जाता है —

"दुर्घटना पर लगेगा ताला।
जब पहनोगे सुरक्षा की माला"।

- सड़क पर पैदल चलने वालों को इस बात पर विशेष ध्यान देना चाहिए कि भारत में सरकार द्वारा बनाये गये नियमों के अनुसार पैदल हमें अपने बायीं ओर से ही चलना चाहिए।
- दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट आवश्य पहनना चाहिए। तथा उनको अधिक तेज वाहन नही चलाना चाहिए तथा वाहनों पर सरकार द्वारा बनाये गये नियम के अनुसार दो से अधिक लोगों नही बैठाना चाहिए।
- चार पहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट अवश्य धारण करना चाहिए।
- बस से सवारी करने वाले लोगों को इस बात ध्यान देना चाहिए कि बस से सावधानीपूर्वक उतरें। चलती हुयी बस से कभी भी दौड़कर न उतरें, यदि आप ऐसा करते है

Scanned By Scanner Go

तो दुर्घटना से बचा जा सकता है।

## यातायात के नियम :-

सरकार के द्वारा बनाये गये यातायात के नियम निम्न है -

## शहरो में यातायात के नियम :-

गाँवो की अपेक्षा शहरों में यातायात संबधी मुश्किल अधिक होती है शहरों में यातायात के नियमों का पालन न करने वालों की संख्या भी अधिक है इस लिए सरकार द्वारा बनाये गये यातायात के नियमो पर अधिक जोर दिया जा रहा है।

## चौराहे पर पुलिस व्यवस्था :-

शहरों में लोगों के अधिक आवागमन के कारण चौराहों पर अक्सर जाम लगा रहता है जिसके लिए हमारे भारत सरकार के द्वारा पुलिस व्यवस्था उपलब्ध की गयी है परन्तु कुछ लोग ऐसे है जो पुलिस के द्वारा दिए गये निर्देशों की अवहेलना करते है परन्तु यह कार्य ठीक नही है।

## जेब्रा क्रासिंग :-

शहरों में चौराहों या महत्वपूर्ण स्थानों पर जेब्रा क्रासिंग बनी होती है परन्तु लोगों को जेब्रा क्रासिंग पर लगी बत्तियों का ज्ञान होना आवश्यक है जैसे लाल बत्ती रुकने, पीली बत्ती तैयार होने की निशानी है अतः जेब्रा क्रासिंग के नियमों का पालन करना हमारे लिए बहुत आवश्यक है।

Scanned By Scanner Go

सरकार के द्वारा विभिन्न स्थानों पर बैनर या पोस्टर लगाकर जागरूक किया जाता है लोगों द्वारा लगाये गये पोस्टर पर यह लिखा होता है —

"सड़क सुरक्षा को अपनाये
जीवन को खुशहाल बनाये"।

**सड़क सुरक्षा नियमों का महत्व :—** लोगों को सड़क सुरक्षा के नियमों के महत्व को समझना बहुत आवश्यक है।

- थोड़ी सी लापरवाही के कारण लोग अपने जीवन को गवा देते है परन्तु कुछ लोगों को अपने ज्ञान का कोई प्रभाव नही पड़ता वे दिखावे में आकर अपने जान जोखिम मे डाल देते है।
- स्कूल के बच्चों को भी सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करना सीखना चाहिए पैदल चलने वाले बच्चों को झुण्ड बनाकर नही चलना चाहिए
- बस में सवार बच्चों को यातायात सुरक्षा के नियमों को समझना चाहिए उन्हे बस या खिड़की से हाँथ बाहर नही निकालना चाहिए।

**उपसंहार :—** यातायात के नियमों का पालन करना तथा लोगों को इसके प्रति जागरूक करना हमारी जिम्मेदारी है।
अतः हम उन लोगों से यह कहना चाहते है कि जो यातायात नियमों की अवहेलना करते है वे यातायात के नियमों का पालन करें।

Scanned By Scanner Go